## सार-समाचार

### स्नेह मिलन व सम्मान समारोह आज

**करौली, (निसं)।** सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था करौली के तत्वाधान में संभाग स्तरीय प्रथम सेवानिवृत्ति एवं नवनियुक्त कर्मचारियों का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह मंडरायल रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में प्रात: 10बजे से आयोजित किया जाएगा।समारोह में सेवानिवृत्ति एवं 1 जनवरी 2023 से नवनियुक्त सैनी,माली,कुशवाह समाज के कर्मचारियों अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा संस्था अध्यक्ष तुलसीराम सैनी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि ओपी सैनी सेवानिवृत आईएएस एवं मुख्य संरक्षक सैनी समाज कर्मचारी अधिकारी विकास संस्था जयपुर राजस्थान जबकी कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर के पूर्व अध्यक्ष शिवचरण माली द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सीनियर आरएएस उंकारमल सैनी,राजस्थान माली महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सी एल सैनी,करौली माली समाज के जिला अध्यक्ष जमनालाल सैनी,महासभा चौरासी करौली के अध्यक्ष अमर सिंह माली,जिला संयोजक शांति एवं अहिंसा विभाग जिला प्रकोष्ठ करौली एवं अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान करौली एवं भागचंद सैनी प्रदेश उपाध्यक्ष माली महासभा राजस्थान होंगे। आज शुक्रवार को छात्रावास परिसर में स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर सैनी कर्मचारी संस्था जिला करौली के जिला अध्यक्ष तुलसीराम सैनी संस्थान उपाध्यक्ष महेश चंद सैनी,रितेश जगरिया,महामंत्री लक्ष्मण सिंह माली,महेशचंद कुशवाह,नाहर सिंह गोपाल रीडर,हरिचरण माली आदि ने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया।

### खेलकूद प्रतियोगिता 3 अक्टूबर से

**करौली, (निसं)।** 67 वी विद्यालयी 14 वर्षीय छात्र- छात्रा जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता तृतीय समूह एथलेटिक्स 3 से 7 अक्टूबर तक राउप्रावि भंबरपुरा ससेड़ी के संयोजन में मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम करौली में होगी। प्रारम्भिक शिक्षा की सत्र 2023-24की 67वी विद्यालयी 14बर्षीय छात्र छात्रा जिला स्तरीय तृतीय समूह एथलेटिक्स का आयोजन 3 से 7 अक्टूबर तक राउप्रावि भंबरपुरा ससेड़ी के संयोजन में जिला मुख्यालय पर मुंशी त्रिलोक चन्द माथुर स्टेडियम करौली में होगी। भरत लाल मीना जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारम्भिक शिक्षा करौली ने आदेश जारी कर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानो को 14 आयु वर्ग के एथलेटिक्स खिलाड़ियों के पंजीकरण शाला दर्पण पोर्टल पर स्पोर्ट्स टूर्नामेंट मॉड्यूल में पंजीकरण कराने के निर्देश दिए है।सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी इस कार्य की मॉनिटरिंग करेगे। ऑन लाइन पंजीकरण किए बिना खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे अत: संस्था प्रधान खिलाड़ियों का पंजीकरण करना सुनिश्चित करे संयोजक विद्यालय के संस्था प्रधान अरुण कुमार जाटव एवं गंगाराम प्रजापत ने बताया कि प्रतियोगिता माथुर स्टेडियम में होगी तथा पंजीकरण शाला दर्पण पोर्टल के मध्यम से ही ऑन लाइन होगा। आवेदनों की हार्ड कॉपी प्रतियोगिता स्थल पर पंजीकरण टीम को जमा करानी होगी।प्रतियोगिता में भाग लेने के विस्तृत निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी करौली द्वारा जारी कर दिए गए है। विशेष जानकारी जिला प्रारंभिक शिक्षा के खेल प्रभारी मुकेश शर्मा से प्राप्त कर सकते हैं।

### शिविर का आयोजन

**करौली, (निसं)।** सक्षम परियोजना अंतर्गत डांग विकास संस्थान करौली द्वारा आयुर्वेद स्वास्थ्य केन्द्र भाकरी में चिन्हित खनन मजदूरों व सिलिकोसिस पीडितों के लिए उपचार शिविर का आयोजन किया गया। डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया कि सिलिकोसिस उपचार शिविर में भाकरी,गुरदेह,महू,आरामपुरा,गांवो के चिन्हित खनन मजदूर व सिलिकोसिस पीडितों ने भाग लिया जिसमें से 42 सिलिकोसिस पीडितो का लक्षणात्मक उपचार डॉ0 भीम सिंह मीना के बताये अनुसार डांग विकास संस्थान की ओर से सिलिकोसिस पीडितों को शिविर में कफ सीरप,सांस लेने वाला पम्प, प्रोटीन पाउडर तथा सिट्राजन व मल्टीविटामिन गोलिया नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई। साथ ही कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा द्वारा सभी सिलिकोसिस पीडितो को इस लाईलाज बीमारी से बचाव के परार्मश के साथ-साथ दवाईयों का सेवन नियमित इस्तेमाल करने व खान-पान का ध्यान रखने की सलाह दी गई। शिविर में डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा, विक्रम सिंह जाटव, महेश,गजेन्द्र,किशन व आयुर्वेद स्वास्थ्य केन्द्र के दर्शन लाल शर्मा नर्सिग ऑफिसर व समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

### कार्यकारिणी के चुनाव आज

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** अग्रवाल समाज समिति हिंडौन की द्वीवार्षिक कार्यकारिणी के लिए 28 सितंबर गुरुवार को कटरा बाजार की अग्रवाल धर्मशाला में 11 बजे से चुनाव प्रकिया होगी। अग्रवाल समाज समिति के निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश बंसल और सहायक निर्वाचन अधिकारी अशोक गुप्ता ने बताया समिति के अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को चुनाव कराये गए। बुधवार को अध्यक्ष सतेंद्र खरेटा द्वारा दस सदस्य मनोनीत कर सूची निर्वाचन अधिकारी को सोपी गईं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को अध्यक्ष के अलावा शेष रहे सभी पदों के लिए कटरा बाजार की अग्रवाल धर्मशाला में सुबह 11 से चुनाव प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

### ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** क्षेत्र की ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं का आगामी 1 अक्टूबर को झारडा रोड स्थित पंडित चौक पैराडाइज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सम्मान किया जावेगा। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि1 अक्टूबर को दोपहर 2:00 बजे स्थानीय पंडित चौखे पैराडाइज एवं रिसोर्ट झारेड़ा रोड में ब्राह्मण समाज की प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है । जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित ब्राह्मण बालक बालिकाओं का अभिनंदन किया जावेगा।

### भंडारे का आयोजन

**भरतपुर, (निसं)।** नमक कटरा नवयुवक मण्डल भरतपुर के तत्वावधान में आयोजित गणेश महोत्सव में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार नमक कटरा नवयुवक मण्डल द्वारा इन दिनों सुरजीत स्कूल के पास गणेश महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भजन संध्या, हरि कीर्तन, श्याम बाबा संकीर्तन सहित अनेक कार्यक्रम इन दिनों आयोजित किये जा रहे हैं। महोत्सव कार्यक्रम में फूल बंगला व छप्पन भोग का कार्यक्रम भी भव्य रूप में आयोजित किया गया।

# 'एसपी कार्यालय खुलने से कानून व्यवस्था और अधिक बेहतर होगी'



आईजी एवं सभापति ने किया एएसपी कार्यालय का उद्घाटन किया।

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज रुपिंदर सिंह एवं हिण्डौन नगर परिषद सभापति बृजेश जाटव ने बुधवार को हिंडौन के रीको औद्योगिक क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश बैरवा, डीएसपी प्रविंद्र महला सहित कई थानों के थाना अधिकारी भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि हिंडौन में रीको औद्योगिक क्षेत्र की भूमि पर बने भवन में अस्थाई रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय शुरू किया गया है। जिसका भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रुपिंदर सिंह एवं हिण्डौन नगर परिषद सभापति बृजेश जाटव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान आईजी ने कहा कि हिंडौन में एसपी कार्यालय खुलने से कानून व्यवस्था और अधिक बेहतर होगी। उन्होंने आमजन को पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की। साथ ही पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से कहा कि बच्चों को मोबाइल का अधिक उपयोग करने से रोकें तथा बढ़ रहे साइबर क्राइम एवं ऑनलाइन फ्रॉड से भी बचने का प्रयास करें। इस दौरान हिंडौन के जिला अस्पताल में पुलिस चौकी खोलने की मांग को लेकर लोगों ने आईजी को ज्ञापन भी सोपे। इस दौरान नगर परिषद सभापति बृजेश जाटव ने कहा कि हिंडौन के लोगों की पिछले लंबे समय से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद स्वीकृत करवाने की मांग चली आ रही थी। जिसे हिंडौन विधायक भरोसी लाल जाटव ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर पूरा करवाया है। उन्होंने कहा कि हिण्डौन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय खुलने से क्षेत्र की कानून व्यवस्था और अधिक बेहतर हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं सदर थाने के लिए काफी समय पहले भूमि भी अलॉट की जा चुकी है आने वाले समय में वहां भवन का निर्माण कराया जा सकेगा। इस दौरान रीको औद्योगिक क्षेत्र के व्यापारियों ने पुलिसमहा निरीक्षक, जिला पुलिस अधीक्षक एवं सभापति का स्वागत किया।

# विद्यार्थियों ने 'वोट फोर नेशन' का संदेश दिया




विद्यार्थियों ने 'वोट फोर नेशन' का संदेश दिया।

**भरतपुर (निस)।** जिला निर्वाचन अधिकारी लोकबंधु के निर्देशन में आगामी विधानसभा आमचुनाव 2023 के मद्देनजर स्वीप अभियान के तहत मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस परेड ग्राउण्ड में करीब 100 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 5 हजार विद्यार्थियों द्वारा 'वोट फॉर नेशन' थीम पर वृहद मानव कलाकृति का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड व सिविल डिफेंस भी शामिल रहे। ड्रोन के माध्यम से कार्यक्रम की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी की गयी। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने इलेक्शन बुलेटिन भरतपुर का विमोचन भी किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बताया कि उक्त अभियान का उद्देश्य आमजन को मतदान की महत्वता बताते हुए मताधिकार के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आगामी मतदान में जिलेवासी बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभायें। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का ध्येय समावेशी महौल के बीच निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शी, प्रलोभन एवं भय मुक्त मतदान करवाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी लोक बंधु ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पंजीकरण, नाम हटवाने एवं संशोधन, वोटर आईडी डाउनलोड करने, बूथ की जानकारी आदि के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप, पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की सुविधा के लिए सक्षम ईसीआई ऐप, चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद शिकायत हेतु सी विजिल ऐप एवं चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की जानकारी के लिए केवाईसी ऐप का संचालन किया जा रहा है जिसका उपयोग कर मतदाता सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

**डीग, (निसं)।** डीग कुम्हेर विधायक व कैबिनेट पर्यटन मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने डीग के गांव सिनसिनी मे बुधवार को प्रात: 9 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्रथम श्रेणी के पशु चिकित्सालय का उद्घाटन कर एवं विधायक निधि से नवनिर्मित विभिन्न खरंजो का पटकाओं द्वारा लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि जो प्यार सम्मान मुझे आप लोगों ने दिया है उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। आप आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के हाथ मजबूत करेंगे और पहले से अधिक वोटो से जिताएंगे। राजस्थान में पुन कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। डीग कुम्हेर विधानसभा में पैसों की कमी नहीं आने दूंगा। डीग को जिला बनने से जो विकास होगा। उसका आप अंदाजा नहीं लगा सकते। इस मौके पर सरपंच राजा राम सिनसिनी, नगर पालिका कुम्हेर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, भगवान सिंह कोली, डॉ मानसिंह, डॉ हिमांशु पाराशर सहित सैकड़ो की तादात में ग्रामीण मौजूद थे।

## विवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत

**भुसावर, (निसं)।** गांव बबेखर में एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। जिस पर पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए भुसावर की मोर्चरी में रखवाया। जिसके बाद पीहर पक्ष द्वारा जताई गई हत्या की आशंका पर पुलिस ने मेडीकल बोर्ड से पंचनामा कार्रवाही की। थानाधिकारी विजय सिंह मीणा ने बताया कि गांव बबेखर निवासी 26 वर्षीय मिथलेश पत्नी भागसिंह पुत्री बाबूलाल जाटव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की जानकारी मिलने पर तुरंत सीओ सीताराम बैरवा के साथ मय जाप्ता लेकर मौके पर पहुंचे और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कार्रवाई के लिए मोर्चरी पर रखवाया। जिसके बाद विवाहिता के पीहर पक्ष को कल्याणपुर हिंडौन सिटी सूचना दी गई। जिस पर मोर्चरी पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामला दर्ज करवाया। जिस पर मेडिकल बोर्ड बनवाया गया और पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई।

# गणेश विर्सजन शोभायात्रा आज, ड्रोन से निगरानी होगी



पुरानी अनाज मण्डी में सजा गणेश जी का दरबार।

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सितम्बर। शहर में विभिन्न जगहो पर चल रहे गणेश महोत्सव का अनन्त चर्तुदर्शी पर भगवान गणेश की विशाल विसर्जन शोभायात्रा के साथ दस दिवसीय महोत्सव का समापन हो जायेगा।

विसर्जन शोभायात्रा में झांकिया आकर्षण का विशेष केन्द्र रहेगी। आगे आगे देश भक्तो की घुडसवार झांकिया होगी। उसके बाद धार्मिक झांकिया होगीं। विसर्जन शोभायात्रा पुरानी अनाज मण्डी से सीताराम जी के मंदिर की परिक्रमा लगाते हुए अपने पूर्व निर्धारित मार्ग व्यापार मण्डल, देवी स्टोर, चोपड, कैलाश टाकीज, ट्रक यूनियन, घासमण्डी, बद्रीनाथ बाजार होते हुए पुन: देवी स्टोर, महेश टाकीज, सोनी चौराहा, मालगोदाम रोड, कचहरी सर्किल, फब्बारा चौक, उदेई मौड, सालोदा होते हुए कैलादेवी कालीसिल के लिए प्रस्थान करेगी। पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि एक हजार पुलिसकर्मी गणेश विसर्जन शोभायात्रा में तैनात किए जायेंगे। वहीं यात्रा मार्ग में करीब 15० घरो की छतो पर पुलिसकर्मियो को निगरानी के लिए खडा किया जायेगा। वहीं सम्पूर्ण यात्रा मार्ग का ड्रोन से निगरानी की जायेगी। चप्पे चप्पे पर पुलिस व प्रशासन की निगरानी रहेगी। इसके लिए एरिया वाइज अधिकारियो को जिम्मेदारी सौपी गई है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि असामाजिक तत्वो व गडबडी करने वालो पर नजर रखने के लिए सादा वर्दी में पुलिस वाले तैनात किए गए है। वहीं एक दर्जन विडियो ग्राफर अलग अलग स्थानो पर वीडियो ग्राफी करेंगे।

## सार-समाचार

### उत्तम त्याग धर्म हर्षोल्लास से मनाया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में दसलक्षन पर्वो के तहत मंगलवार को उत्तम त्याग धर्म हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस दौरान जिनालयों में श्रद्धा व भक्ति का माहौल था। दिगंबर जैन मंदिर प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण कुमार गंगवाल ने बताया कि जिनेद्र भक्तों ने जिनालय्यों में प्रासुक जल से जिनेंद्र भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा की। दिगंबर जैन मंदिर में प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य श्री रामजीलाल जैन ,महेंद्र जैन को मिला तथा नसिया जी मंदिर में प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य रूपेंद्र कुमार जी ,शांति देवी , नरेंद्र जी नृपत्या परिवार को मिला। इन्द्र इंद्राणियों ने अष्ट द्रव्यों से उत्तम त्याग धर्म एवं दसलक्षण मंडल विधान की पूजन कर मंडल जी पर अर्ध समर्पित किए और उत्तम त्याग धर्म पर त्याग धर्म अपनाकर दान करने और ऋोध,लोभ,मोह को त्याग कर जीवन का उद्धार करने का संदेश दिया। नसिया मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी सदस्य पीसी जैन ने बताया कि त्याग करने से मनुष्य अपने पापो से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है और त्याग का मूल तत्व दान है अतत्दान करने से मानव अपने पुण्यों का संचार करता है। कमेटी प्रवक्ता लोकेश सोगानी ने बताया कि शाम को उत्तम त्याग धर्म के उपलक्ष मे श्री दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक भजनों पर नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमे सर्वप्रथम कार्यकर्म प्रायोजक श्रीमान राकेश जैन, अल्का जैन, मयंक जैन, कुमकुम जैन व प्रवीण गंगवाल, राजेश काला, द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया ।।तत्पश्चात प्रायोजक श्रीमान राकेश जैन, अल्का जैन, मयंक जैन का साफा और माला पहनाकर अभिनन्दन किया।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**करौली, (निसं)।** ईआरओ करौली के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा आम चुनाव के दौरान मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से विधानसभा क्षेत्र करौली में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली नगाड खाने दरवाजे से आरंभ हुई और पुरानी नगर पालिका,फूटाकोट,बजाजा मार्केट, वजीरपुर गेट, पुरानी कलेक्ट सर्किल होती हुई जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची।रैली को तहसीलदार करौली दीन दयाल सारस्वत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के सचिव मुकेश सारस्वत के नेतृत्व में स्काउट, गाइड,रोवर व रेंजर ने बड़ी संख्या में भाग लिया। एवं स्थानीय विद्यालयों के बालक बालिकाओं ने भाग लिया। बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर जिस पर मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे थे चल रहे थे एवं मतदान जागरूकता के नारे लगाते जा रहे थे बच्चों का उत्साह देखने लायक था शहर में फूटाकोट,बजाजा बाजार में रैली के ऊपर पुष्प वर्षा की गई। रैली स्थल नगाड़ खाने दरवाजे,फूटाकोट,पुरानी कलेक्ट सर्कल और जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ करौली के स्काउट व गाइड द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित सुंदर रंगोलिया सजाई गई जिन पर मतदाता जागरूकता के नारे लिखे हुए थे। रैली में सीबीईओ करौली सर्वेस गुप्ता,प्रधानाचार्य महेश शर्मा,स्काउटर गणेश कुमार शर्मा,गणपत लाल गुप्ता,सोनपाल जाटव, गाईडर कमला शर्मा,अनुराधा शर्मा रोवर मदन गोपाल सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### युवक टंकी पर चढ़ा

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** हिण्डौन के ढिंढोरा गांव में अतिक्रमण हटाने से नाराज एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। सूचना पर पहुंचे पुलिस प्रशासन ने समझा इसके बाद युवक को नीचे उतारा। प्राप्त जानकारी के अनुसार हिंडौन के ढिंढोरा गांव में हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी गांव में पहुंचे तथा अतिक्रमण हटाया जा रहा था। इस दौरान एक युवक नरेंद्र डागुर के मकान का चबूतरा भी अतिक्रमण में आ रहा था, जिसे तोड़ दिया गया। इससे नाराज होकर युवक गांव में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया। सूचना पर हिंडौन एसडीम सुरेश करसौलिया सूरौठ थाना अधिकारी लोकेंद्र सिंह मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा समझाइश की। पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों की काफी देर की समझाइश के बाद युवक पानी की टंकी से नीचे उतरा। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली।

### सम्मान समारोह आयोजित

**करौली, (निसं)।** वजीरपुर गेट स्थित राजकीय बालिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 9वां0 पल्लवी स्मृति सम्मान समारोह मनाया गया। सेवानिवृत शिक्षक दिनेश चतुर्वेदी ने बताया कि गुरूवार 27 सितम्बर को हर वर्ष यह समारोह उनकी दिवंगत बेटी पल्लवी के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है। इस समारोह के अंतर्गत पांच प्रतिभाशाली छात्राओ को पल्लवी स्मृति सम्मान दिया जाता है।

## रक्तदान शिविर

**भरतपुर, (निस)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ ताखा के जन्मदिन के उपलक्ष में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। जिला अध्यक्ष सौरव ताखा ने बताया कि 27 सितंबर को भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ ताखा के जन्मदिवस की उपलक्ष में भरतपुर युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं जिलाध्यक्ष सौरव ताखा के नेतृत्व में द्वारा सुबह 11 बजे से 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय काली की बघीची पर किया गया। जो कि कैंसर पीड़ित एवं थैलीसीमिया पीड़ितों की सहायतार्थ सरकारी ब्लड बैंक के सहयोग से लगाया गया। जिसमें 31 यूनिट रक्त दान किया गया एवं सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जिसमे पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ शैलेष सिंह, पूर्व सांसद बहादुर कोली, भाजपा नेता यश अग्रवाल, देवेंद्र चामड़, ब्रजेश अग्रवाल, राजू कटारा आदि उपस्थित रहे। रक्तदान एक महान दान है। किसी जरूरतमंद को जीवन दान मिल सकता है जिला महामंत्री मोहित चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा गौसेवा करते हुए गायों को चारा खिलाया। इसी सेवा भावना के साथ युवा मोर्चा द्वारा का कार्य किया गया। इस दौरान मोहित चतुर्वेदी राजेश चौधरी, हरदीप पीरनगर, सोनू फौजदार, सचिन सिंपिनी, सुरेंद्र जघीना, प्रेम सिंह गुंसारा, पुष्पेंद्र अवार, अभिराज अनाह, शुभम वैर, विवेक अग्रवाल, योगेंद्र वैर, स्वदेश, नंद किशोर, कपिल, बलराम लखनपुर, बादल आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**नोटिस हरखास व आम**

**न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश संख्या-1 हिण्डौन सिटी पीठासीन अधिकारी श्री सीताराम मीना आर.एच.जे.एस.**

**विनीता विरूद्ध हरखास आम आदि 13/23 प्रार्थनापत्र बाबत उत्ताराधिकार प्रमाण-पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

**नोटिस बनाम हरखास व आम**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण विनीता पत्नि कमलेश पुत्री रामभरोसी हालवासी महस्वा टोडाभीम थाना श्रीमहावीरजी तहसील टोडाभीम जिला करौली जमा लाभा परिलाभ व मृतक के बाद मिलने वाले सभी लाभों को प्राप्त करने बाबत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आवेदन किया है। लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के स्वीकार करने में कोई आपत्ति हो तो अपनी इस उपस्थिति इस न्यायालय में दिनांक 7-10-2023 को समय 10 ए.एम. बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे, वरना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी एवं प्रार्थना पत्र एकतरफा में सुनकर फैसला कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालतन से आज दिनांक 26.9.2023 को जारी किया गया।**

**आज्ञा से सीनियर रीडर**

**(मुहर) अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश**

# करौली में एक दिवसीय क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन वार्तालाप आयोजित




मीडिया सम्मेलन को एडीएम नीशू कुमार ( बांये से प्रथम ) ने सम्बोधित किया।

**करौली, (निसं)।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय जयपुर द्वारा एक दिवसीय क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन वार्तालाप करौली में आयोजित की गई। इस सम्मेलन में करौली जिले के विभिन्न समाचार पत्रों एवं समाचार चैनलों से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों के क्षेत्रीय संवाददाता व अंशकालिक पत्रकारों ने भाग लिया।

इस अवसर पर करौली-धौलपुर सांसद डॉ. मनोज राजोरिया ने क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन को वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने आमजन के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजना चला रखी है। इन योजनाओ को जरूरतमंद तक पहुंचाने में मीडिया अपनी सकारात्मक भूमिका निभाकर उन्हे लाभ दिलाने के लिए प्रेरित करें। योजनाओ को आमजन तक पहुंचाने में मीडिया की अहम भूमिका है। देश के विकास के लिए मीडिया तत्पर रहकर कार्य करें। मूलभूत सुविधाएं जन-जन को मिले इसके लिए मीडिया को आगे बढ़कर अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा।सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर निशु कुमार अग्निहोत्री ने कहा कि मीडिया चौथा स्तंभ है। सभी मीडियाकर्मी निष्पक्षता और निर्भीकता से कार्य कर रहे हैं। सभी को मिलकर आमजन को आगे बढ़ने के प्रयास करने चाहिए। सभी मिलकर साथ कार्य करेंगे तो विकास तेज गति से होगा। इस अवसर पर करौली के शिक्षा विभाग के चंद्रकेश सिंहल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति,कर एवं वाणिज्य विभाग के मनराज ने वन नेशन वन टैक्स, जिला उद्योग अधिकारी अमृत लाल मीनाने स्टार्टअप इंडिया और इज ऑफ डूइंग बिजनिस, कृषि विभाग के सहायक निदेशक सियाराम मीना ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बीएल मीनाने प्रधानमंत्री कुसुम योजना, नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा अधिकारी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत तथा जनसंपर्क अधिकारी धर्मेन्द्र मीनाने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर पत्रकारों से योजनाओं के क्रियान्वयन व अन्य मुद्दों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया एवं फीडबैक लिया गया। प्रारंभ में पत्र सूचना कार्यालय के मीडिया एवं संचार अधिकारी आशीष वर्मा ने क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन के उद्देश्य एवं पत्र सूचना कार्यालय की ओर से किये जा रहे नवाचारों से अवगत कराते हुए पत्र सूचना कार्यालय व सोशल मीडिया गतिविधियों की जानकारी भी दी। प्रारम्भ में केंद्रीय संचार ब्यूरो के संजय बुलचंदानी नें अतिथियों का स्वागत करते हुये क्षेत्रीय मीडिया सम्मेलन के उदेश्य पर प्रकाश डालते हुये केंद्र सरकार कि योजनाओ के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर करौली जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के अलावा करौली के विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया।

## उपकारागृह का निरीक्षण किया

**गंगापुर सिटी, (कासं)।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर श्रीमती श्वेता गुप्ता के द्वारा उपकारागृह गंगापुर सिटी का निरीक्षण किया गया। साथ ही व्यवस्थाओं का जायजा लेकर उपकारागृह के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। सचिव ने निरिक्षण के दौरान उपकारागृह में कीटनाशक का छिडकाव, सीवरेज, बंदियों को कैंटीन की सुविधा, सूखे व गीले कचरे के अलग-अलग निस्तारण, जेल में विजिटर्स रूम, रसोई घर, पीने के पानी, बैरको में साफ-सफाई, बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी सुविधाए, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रथम बार प्रवेश करने वाले बंदियों से पूछताछ, बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता, पीने के पानी की सुविधा, रसोई घर एवं बैरकों की साफ-सफाई आदि के संबंध में जांच की। साथ ही उपकारागृह में उपस्थित बंदियों को नशा मुक्ति रोकथाम एवं दुष्प्रभावों के संबंध में भी जागरूकता प्रदान की। उप कारागृह गंगापुर सिटी में सचिव महोदय के द्वारा निरीक्षण के दौरान बंदियों को अवगत कराया कि बंदियो को निशुल्क विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्त किया जाता है।

**कार्यालय नगर पालिका लालसोट जिला दौसा (राज.)**

क्रमांक-न.पा.ला./2023/4070-4072 दिनांक - 21.09.2023

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका लालसोट द्वारा श्रीयाराम पुत्र श्री मूलचन्द निवासी थला की ठाणी लालसोट को खसरा संख्या... में पट्टा संख्या 33 दिनांक 0.03.2001 क्षेत्रफल 229 वर्गगज आवासीय पट्टा जारी किया गया था। इसके पश्चात पट्टाधारक श्रीयाराम की मृत्यु दिनांक 07.04.2016 को हो जाने के कारण उक्त पट्टे सुदा भूखण्ड का नामान्तरण सजरा सहमति शपथ पत्र के आधार पर वारिसान श्री रामफूल माली, लल्लू प्रसाद माली, गोपी लाल माली, रूपनारायण माली पुत्र स्व. श्रीयाराम निवासी थला की ठाणी, लालसोट के नाम खुलवाने हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है।

इसलिये किसी भी संस्था/व्यक्ति के द्वारा कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में मय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका लालसोट